# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

स्थापित २००५ ई.

फोन नं0 : 0551–6827552, 2105416
मो. : 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक : ..................                                        दिनांक: 22.01.2016

## प्रकाशनार्थ

देश का युवा अपनी वर्तमान चुनौतियों की सामना करने का सामर्थ्य अपने महापुरूषों से प्रेरणा प्राप्त कर पैदा करे। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस भारत के ऐसे ही महान सूपत हैं जिनसे प्रेरणा लेकर हम आज भी तमाम चुनौतियों का समाधान खोज सकते हैं। आजादी के महानायक थे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, भारत की स्वतंत्रता के लिए अपना सब कुछ समर्पित करते हुए ब्रिटिश सत्ता के समक्ष जो चुनौती सुभाष चन्द्र बोस ने खड़ी की उसका आज भी इतिहास के पन्नों में कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता है। एक तरफ कांग्रेस का अनुनय–विनय और प्रार्थना के माध्यम से देश की आजादी का सपना वहीं दूसर तरफ क्रान्तिकारी आन्दोलन का कांग्रेस का स्पष्ट सहयोग के अभाव के कारण अंग्रेजों के विरूद्ध प्रभावशाली संघर्ष नहीं हो पा रहा था। ऐसे समय में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने भारत के अन्दर और भारत के बाहर जिस प्रकार से अंग्रेजों के विरूद्ध चक्रव्यूह रचना की यह उनके युद्ध कौशल और नेतृत्व क्षमता का पर्याय है। वास्तव में वह एक ऐसे युगद्रष्टा थे जिन्होंने आमने–सामने के युद्ध के द्वारा ब्रिटिश सत्ता को चुनौती देने और भारत माता को स्वतंत्र कराने का जो संकल्प लिया वह हम सबके लिए अनुकरणीय है। उक्त बातें **महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित भारत–भारती पखवारा के अन्तर्गत नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती की पूर्व संध्या** पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में **मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार श्री अजय सिंह** ने कही।

उन्होंने कहा कि आज देश और दुनिया में विभिन्न प्रकार की चुनौतियां खड़ी हैं।

*(क्रमशः....2)*

पत्रांक : ...................                                                  दिनांकः 22.01.2016



वर्तमान परिवेश में भारत के अन्दर जिस प्रकार से वोट बैंक की राजनीति के कारण राष्ट्र विरोधी शक्तियां लामवंद हो रही हैं वह राष्ट्रीय एकता और सुरक्षा के लिए न केवल संकट है बल्कि सम्पूर्ण मानवता भी दुष्प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकती। आज युवाओं को देश के समक्ष ऐसे प्रश्नों पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन कृतित्व से मार्ग दर्शन प्राप्त कर राष्ट्र रक्षा के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान करना चाहिए। उस समय की प्रतिष्ठित आई.सी.एस. की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बावजूद नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने माँ भारती की सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। यह सम्पूर्ण भारत के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। आज पुनः वैसी भावना के साथ त्याग और बलिदान की आवश्यकता है।

इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए सरकार से आग्रह किया कि नेताजी के जीवन से सम्बन्धित सार्वजनिक किया ताकि आम भारतीय विशेष रूप से युवा प्रेरित होते हुए राष्ट्र सेवा का व्रत उनके चिन्तन में आ सके। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव, डॉ. मृत्युंजय सिंह, डॉ. यशवन्त कुमार राव, सुश्री दीप्ती गुप्ता, संजय कुमार शर्मा, अमित कुमार, डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह, श्री सुबोध कुमार मिश्रा, विनय कुमार सिंह सहित स्वयं सेवक/सेविकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित है।

**(डॉ. प्रकाश प्रियदर्शी)**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी